पुलिस को चुनौती : बड़े सटोरियों की दहाड़ अभी भी जारी, महाजन ग्रुप चर्चाओं में?

सिवनी नवभारत। जैसा की नव भारत समाचार लगातार आईपीएल क्रिकेट को लेकर पुलिस को ध्यान आकर्षित करते हुए प्रमुखता से खबर प्रकाशित कर रहा है जिसके चलते जगह देना पुलिस ने एक कार्यवाही से जिले में हड़कंप मचा हुआ था लेकिन कार्यवाही के बाद भी बड़े नामचीन सटोरियों का खेल अभी भी जारी है। जिले सहित पूरे सिवनी नगर में इस समय महाजन ग्रुप के नाम का चर्चा में है। जैसा कि विगत दिनों काली स्कॉर्पियो चर्चाओं में थी लेकिन समाचार प्रकाशित होने के बाद अब कालाकोट इस समय चर्चा में है स्कॉर्पियो तो शहर में घूमना बंद कर दी है लेकिन उसके बाद अब कालाकोट और काले कपड़े का राज नई नई कार के बाद अब काले कपड़े यह ग्रुप कोतवाली पुलिस के लिए भी एक बड़ी चुनौती से काम नहीं माना जा रहा है इसके अलावा भैरोगंज के सिंधी कॉलोनी क्षेत्र के साथ-साथ कटंगी नाका का नाम भी सामने आ रहा है।

काली स्कॉर्पियो के बाद अब कालाकोट

छोटे मोहरों को पकड़कर खानापूर्ति कर रहा पुलिस प्रशासन

अभी तक इंडियन प्रीमियर लीग 2026 का सत्र 22 मार्च से शुरू होकर अब रोमांचक दौर में पहुंच चुका है। 14 अप्रैल तक 25 दिन में लगभग 34 मुकाबले खेले जा चुके हैं, जबकि 70 में से करीब 40 मुकाबले शेष हैं और टूर्नामेंट में रोज़ाना हो रहे उतार-चढ़ाव के बीच कुछ लोग क्रिकेट सट्टे के माध्यम से अवैध कमाई करने की कोशिश कर रहे हैं, जो न केवल कानूनन अपराध है बल्कि युवाओं और समाज के लिए भी घातक साबित हो रहा है। अब तक चेन्नई सुपर किंग्स, मुंबई इंडियंस, कोलकाता नाइट राइडर्स, राजस्थान रॉयल्स, सनराइजर्स हैदराबाद, लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटन्स जैसी टीमों के बीच कई मुकाबले हो चुके हैं, जिनमें विभिन्न टीमों ने जीत दर्ज की है और अंक तालिका में लगातार बदलाव हो रहा है। और इधर, पुलिस प्रशासन इस तरह की अवैध गतिविधियों पर कड़ी नजर बनाए हुए है। पुलिस की सतर्कता और निष्ठा के चलते कई स्थानों पर सट्टेबाजी के खिलाफ कार्रवाई की है। आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस तरह के अवैध कार्यों से दूर रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि खेल की निष्पक्षता और समाज की सुरक्षा बनी रहे।

दम है तो हमें पकड़ कर दिखाओ

पुलिस की कार्रवाई-ऊंट के मुंह में जीरा बीते सप्ताह पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कुछ सट्टा खिलाने वालों को दबोचा। पुलिस इसे अपनी बड़ी कामयाबी बता रही है, लेकिन जागरूक नागरिकों का मानना है कि ये केवल मोहरे हैं। पुलिस जिन लड़कों को पकड़ती है, वे महज 500 से 1000 रुपये की दिहाड़ी पर काम करने वाले पंटर होते हैं। असली बुकी जो शहर में सट्टे का सिंडिकेट चला रहे हैं, वे आज भी आलीशान होटलों में बैठकर मैच का आनंद ले रहे हैं। और सट्टे के दलदल में धंसता सिवनी का भविष्य इस अवैध धंधे का सबसे काला पक्ष यह है कि शहर के कॉलेज छात्र और मध्यमवर्गीय परिवार इसके जाल में फंस रहे हैं।

रातों-रात अमीर बनने का सपना दिखाकर सटोरिए युवाओं को कर्ज के जाल में धकेल रहे हैं। सूत्रों की मानें तो सट्टे में हारे हुए कई युवा अब चोरी और लूट जैसे अपराधों की ओर भी मुड़ रहे हैं, जो शहर की सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा है। सफेदपोशों और रसूखदारों का संरक्षण? अब यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या इन सटोरियों को किसी राजनीतिक रसूखदार का संरक्षण प्राप्त है? अक्सर देखा जाता है कि जब भी किसी बड़े सटोरिये का नाम सामने आता है, तो जांच की दिशा अचानक मुड़ जाती है। क्या यही कारण है कि पुलिस केवल उन तक पहुँचती है जिनके पास पहुंच नहीं है व जनता की मांग- बड़े नामों का हो खुलासा सिवनी की जनता अब कागजी कार्रवाई से संतुष्ट नहीं है। लोगों की मांग है कि उन मेन आईडी होल्डर्स को बेनकाब किया जाए जो करोड़ों का टर्नओवर कर रहे हैं।

हाईटेक सिंडिकेट मोबाइल की स्क्रीन पर लुट रही युवाओं की जिंदगी

सट्टे का यह खेल अब पुराना नहीं रहा। आधुनिक दौर में सटोरियों ने ऑनलाइन बैटिंग एक्सचेंज और क्रिप्टो पेमेंट का सहारा ले लिया है। दुबई और महाराष्ट्र व अन्य बड़े शहरों से जुड़ी लाइन के माध्यम से सिवनी में सट्टे की मास्टर आईडी चलाई जा रही है। कोडवर्ड का खेल- यहाँ हार-जीत के सौदे पॉइंट्समें होते हैं, ताकि पकड़े जाने पर पुलिस को हिसाब-किताब समझाने में सट्टेबाज बच निकलें। बदली रणनीति- पुलिस की रेड से बचने के लिए मास्टरमाइंड अब शहर के बीचों-बीच नहीं, बल्कि लग्जरी गाड़ियों में घूमते हुए या सुनसान इलाकों के फार्म हाउसों से अपना नेटवर्क ऑपरेट कर रहे हैं।

आईपीएल के साथ फैला हाईटेक सट्टेबाजी का जाल

जिले में 'हाईटेक सट्टा' बेखौफ, पुलिस अधीक्षक को खुली चुनौती

अब जिले मे आईपीएल सट्टे का 'हाईटेक' जाल

खबर के बाद सिवनी में सट्टा नेटवर्क पर कार्रवाई

उन तक पहुँचती है जिनके पास पहुंच नहीं है व जनता की मांग- बड़े नामों का हो खुलासा सिवनी की जनता अब कागजी कार्रवाई से संतुष्ट नहीं है। लोगों की मांग है कि उन मेन आईडी होल्डर्स को बेनकाब किया जाए जो करोड़ों का टर्नओवर कर रहे हैं।

सट्टे के पैसे से बनाई गई अवैध संपत्तियों की जांच की जाए

सट्टेबाजों के कॉल डिटेल्स खंगाले जाएं ताकि उनके मददगारों का असली चेहरा सामने आ सके। अगर पुलिस प्रशासन अब भी केवल छोटे खिलाड़ियों को पकड़कर अपनी पीठ थपथपाता रहा, तो वह दिन दूर नहीं जब यह सट्टा सिवनी की कानून व्यवस्था को पूरी तरह निगल जाएगा। पुलिस कप्तान को चाहिए कि वे एक विशेष टीम गठित करें जो सीधे सट्टे के हेडक्वार्टर पर प्रहार करे, न कि केवल फुटपाथ पर खड़े सटोरियों पर। पुलिस की कार्यप्रणाली पर संदेह के बादल हालिया गिरफ्तारियों को जनता केवल एक दिखावा मात्र मान रही है। जब तक सट्टे की जड़ यानी मेन आईडी होल्डर्स पर प्रहार नहीं होगा, तब तक सिवनी की शांति भंग करने वाला यह अवैध कारोबार बंद नहीं होगा। यदि जल्द ही बड़े मगरमच्छ पुलिस के जाल में नहीं फंसे, तो खाकी के इकबाल पर सवाल उठना लाजिमी है।

सिवनी में आईपीएल सट्टे का ब्लैक होल

सिवनी। जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में इन दिनों आईपीएल के नाम पर करोड़ों रुपये का काला खेल खेला जा रहा है। सट्टेबाजी का यह संक्रमण अब केवल शौक नहीं, बल्कि एक संगठित अपराध का रूप ले चुका है। हाल ही में पुलिस द्वारा की गई छिटपुट गिरफ्तारियों के बाद सट्टा जगत के दिग्गजों के हौसले पस्त होने के बजाय और बढ़ गए हैं। चर्चा तो यहाँ तक है कि मुख्य सरगना अब पुलिस की कार्यप्रणाली पर तंज कसते हुए कह रहे हैं इसके अलावा इस समय ऑनलाइन का दौरा अब सटोरियों के लिए आसान तरीका बन गया है जिससे उन्हें पता है कि पुलिस उन तक नहीं पहुंच पाएगी जिसके चलते अब बड़े सटोरिया ऑनलाइन की कुछ दुकानों का सहारा बन चुका है सूत्र से मिली जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि नगर में जितनी भी एमपी ऑनलाइन की संचालित हो रही है जिसमें अकाउंट के माध्यम से पैसे ट्रांसफर होते हैं और आश्चर्य इस बात काहे की ग्रामीण क्षेत्र की भोली भाली जनता का अकाउंट इस खेल में इस्तेमाल कर रहे हैं और कमीशन की आड़ और लालच देकर भोली भाली जनता खासकर ग्रामीण क्षेत्र के अकाउंट का इस्तेमाल कर इस खेल को अब नए तरीके से अंजाम देने लगे हैं और पुलिस को गुमराह करने के लिए यह तरीका अपनाया जा रहा है अगर कुछ ऑनलाइन दुकानों की जांच की जाए तो निश्चित तौर पर नगर में चल रहे आईपीएल का खेल का बड़ा राज देखने और सुनने को मिल सकता है ।

एक नजर में

अनन्या तिवारी को दसवीं में 86 प्रतिशत अंक

पलारी। आज कक्षा दसवीं का परिणाम घोषित किया गया जिस पर ग्राम पलारी निवासी पत्रकार राजीव तिवारी की बेटी ने 86 प्रतिशत बनाकर अपने स्कूल आशादीप पब्लिक स्कूल खैरा पलारी एवं अपने कुल का मान बढ़ाया। छात्रा की इस उपलब्धि पर शाला स्टॉफ सहित परिजनों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

क्विज प्रतियोगिता में आमना फिरदौस का चयन



सिवनी। उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के लिए मॉय भारत बजट क्विज 2026 प्रतियोगिता का आयोजन माय भारत पोर्टल पर ऑनलाइन के माध्यम से किया गया जिसमें प्रदेश की तकरीबन 12 लाख छात्राओं ने सहभागिता की एवं 700 छात्राओं का चयन राज्य स्तर माय बजट क्रेस्ट 2026 में हुआ जिसमें महाविद्यालय की बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा आमना फिरदौस का चयन हुआ। भोपाल में 11 से 13 अप्रैल के बीच फाइनल चयनित छात्र को बुलाया गया प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। प्राचार्य श्रीमती कल्पना इंगले ने छात्रा ने आमना फिरदौस को बधाई दी एवं छात्र ने बताया कि वह यह बजट क्रेस्ट में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी श्रीमती अलका उइके के मार्गदर्शन मे सहभागिता प्राप्त की।

सामाजिक समरसता मंच ने मनाई अंबेडकर जयंती

सिवनी। सामाजिक समरसता मंच सिवनी द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती की अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर सामाजिक समरसता मंच के जिला संयोजक अधिवक्ता प्रदीप बैस ने कहा कि कोई भी महापुरुष किसी विशेष जाति या समुदाय के नहीं होते क्योंकि उनके द्वारा किए गए कार्य सर्व समाज की भलाई के लिए होते है। इसलिए सर्व समाज को मिलकर महापुरुषों की जयंती अथवा पुण्यतिथियों को मनाना चाहिए जिससे समाज में समरसता और सद्भाव का वातावरण निर्माण हो सके ।

10वीं में 79 .04 प्रतिशत और 12वीं में 81 .85 प्रतिशत रहा रिजल्ट

जिले के 17 छात्राओं ने टॉप-10 में बनाई जगह

सिवनी नवभारत। जिला शिक्षा अधिकारी एस एस कुमरे ने जानकारी देकर बताया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा हाईस्कूल 10वीं एवं हायर सेकेंडरी 12वीं परीक्षा वर्ष 2026 का परिणाम 15 अप्रैल 2026 को सुबह 11 बजे घोषित किया गया। जारी परिणाम के अनुसार सिवनी जिले का प्रदर्शन इस वर्ष जिले में हाईस्कूल परीक्षा का कुल परिणाम 79.04 प्रतिशत रहा, जबकि हायर सेकेंडरी परीक्षा का परिणाम 81.85 प्रतिशत दर्ज किया गया।

उन्होंने बताया कि प्रदेश स्तरीय टॉप-10 सूची में सिवनी जिले के शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय सिहोरा की छात्रा कुमारी पूर्वी गोल्हानी ने गणित संकाय में 97.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में 8वां स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल परीक्षा में सिवनी जिले के 17 छात्र-छात्राओं ने प्रदेश की टॉप-10 सूची में स्थान बनाकर जिले का नाम रोशन किया। जिसमें प्रमुख रूप से कुमारी खुशी राजपूत ने 99.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया है वहीं देवेन्द्र दास बैरागी ने 99.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पांचवां स्थान एवं कुमारी प्रीत पटले ने 99.00% अंक प्रापत कर पांचवां स्थान प्राप्त किया है।

इसी तरह लखनादौन की कुमारी मैथली अग्रवाल, शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय चिमनाखारी की कुमारी प्राची राहंगडाले, शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय ढुटेरा के मोहित ठाकुर, शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बरघाट की कुमारी इशिका राहंगडाले एवं कुमारी हर्षी राहंगडाले ने 98.40% अंक प्राप्त कर प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त किया है वहीं शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय आष?टा की कुमारी पूजा शरणागत, संस्कार वैली पब्लिक स्कूल चंदनवाड़ा की कुमारी शुभी राय, शासकीय हाईस्कूल बेलपेट कुरई की कुमारी प्रियंका नामदेव एवं शासकीय हाई स्कूल लखनवाड़ा की कुमारी दिशा चौहान ने 98.20% अंक प्राप्त कर प्रदेश में नौवा स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह लखनादौन की कुमारी आराध्या गोल्हानी,शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय आटा के जतिन पारधी,शासकीय हाईस्कूल पोनिया के प्रियांशु धुर्वे एवं शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बालक बरघाट की कुमारी जिया गौतम तथा शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बालक बरघाट की कुमारी हिमांशी जांगड़े ने 98% अंक प्राप्त कर प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इस अवसर परकलेक्टर श्रीमती नेहा मीना एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस एस कुमरे द्वारा सभी सफल हुए छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों तथा शिक्षकों को शुभकामनाएं दी गई हैं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। साथ ही, ऐसे विद्यार्थियों को भी प्रेरित किया गया है जो परीक्षा में असफल रहे या अपेक्षा के अनुरूप अंक प्राप्त नहीं कर सके हैं, वे निराश न हों और भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए निरंतर प्रयास करते रहें।

जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी श्री कुमरे ने बताया कि जिले के विद्यार्थियों ने इस वर्ष प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है, जो गर्व का विषय है।

आयुषी दुबे और अनुभव पाटर ने लहराया सफलता का परचम

मिशन से 12 वीं में वंशिका जैन , सांदीपनि से जय नागोत्रा और 10वीं में मोना नागेश्वर प्राविण्य सूची में

ग्रामीण अंचलों से नगर में रहकर अध्यापन किया बच्चों ने

सांख्यिकी और फिजिक्स में प्रोफेसर बनने का है लक्ष्य

छपारा नवभारत। मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 12वीं एवं दसवीं के परीक्षा परिणाम 15 घोषित कर दिए गए हैं। इस वर्ष भी छपारा के छात्र-छात्राओं ने अपनी मेहनत और लगन से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। नगर के अनुभव पाटर और आयुषी दुबे ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। तो वहीं दूसरी ओर कक्षा दसवीं के जय नागोत्रा और मोना नागेश्वर जैसे छात्र छात्रा ने ग्रामीण अंचलों से नगर में किराए एवं रिश्तेदार के यहां रहकर एवं उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त कर अपना और परिवार के साथ -साथ क्षेत्र का भी नाम रोशन किया। सांदीपनी विद्यालय छपारा के छात्र अनुभव पाटर ने गणित विज्ञान विषय में 500 में से 470 अंक (94त्न) प्राप्त कर प्रथम श्रेणी में सफलता अर्जित की है। अनुभव ने सभी विषयों में विशेष योग्यता हासिल की है।

अनुभव के पिता नरेंद्र पाटर घर पर ही टेलरिंग का कार्य करते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद अनुभव ने अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित किया। अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने माता सुनीता पाटर, पिता नरेंद्र पाटर, अपने परिवार और मित्रों को दिया है। भविष्य में अनुभव सांख्यिकी विभाग में अधिकारी बनकर देश की सेवा करना चाहते हैं।

आयुषी दुबे ने भी गढ़ा सफलता का कीर्तिमान

इसी क्रम में आयुषी दुबे ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 500 में से 472 अंक प्राप्त किए हैं। आयुषी के पिता शांत कुमार दुबे और माता मीना दुबे अपनी बेटी की इस उपलब्धि पर गौरवान्वित हैं। आयुषी ने हिंदी और गणित जैसे कठिन विषयों में 99 अंक प्राप्त कर अपनी शैक्षणिक योग्यता का परिचय दिया है। इन होनहारों की सफलता पर नगर के गणमान्य नागरिकों, शिक्षकों और इष्ट मित्रों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। छात्रों ने उन सभी गुरुजनों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया है जिन्होंने उनकी पढ़ाई में हर संभव मदद की। अनुभव पाटर आगे की बढाई करके सांख्यिकी विभाग में अधिकारी बनना चाहते हैं तो वही आयुषी दुबे फिजिक्स की प्रोफेसर बनना चाहती है।

कक्षा 12वीं में वर्षा साहू का सुयश

सिवनी। माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा के कक्षा 12 वी के परिणाम घोषित हो चुके हैं जिसमें कुमारी वर्षा साहू के द्वारा अंग्रेजी, बिजनेस स्टडी, बुक कीपिंग एंड एकाउंटेंसी सहित 4 विषयों में विशेष योग्यता के साथ 81 फीसदी अंक प्राप्त कर परीक्षा उत्तीर्ण की है, ज्ञात रहे कि वर्षा की माँ वनमाला साहू, जो मजदूरी कर अपनी दोनो बेटियों का पालन पोषण करती है। वर्षा वर्तमान सत्र में इंदौर में सी ए की कोचिंग करते हुए कक्षा बारहवीं की परीक्षा स्वाध्यायी के रूप की। वर्षा हार्दिक इच्छा है कि वह चार्टड एकाउंट बने। और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार करें। वर्षा की बड़ी बहन वैष्णवी भी खाद्य अधिकारी हेतु तैयारी कर रही है।

लापरवाही समर्थन मूल्य पर गेंहू बेचने के लिये पंजीयन कराने वाले किसान भटक रहे, चार सौ से अधिक किसानों ने कराया है पंजीयन

गेहूं खरीदी केन्द्र की स्थापना नहीं होने से किसानों में आक्रोश

धारनाकला नवभारत। आज से समर्थन मूल्य पर गेहू खरीदी की शुरूआत हो चुकी है किन्तु धारनाकला से जुडी चार सहकारी समिति धारना आष्टा खामी लालपुर के अन्तर्गत किसी भी स्थान पर गेहू खरीदी केन्द्र स्थापित नही हुआ जबकि इसके पूर्व धारनाकला लालपुर एवं आष्टा के बीच मे एक स्थान पर जरूर गेहू खरीदी केन्द्र स्थापित होते आया है किन्तु इस सत्र मे किसी भी स्थान पर गेहू खरीदी केन्द्र न बनने से जिन किसानो के द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहू बेचने के लिये पंजीयन कराया गया है वे आखिर अपनी गेहू की उपज का विक्रय कहा करेगे इसी पशोपेश मे आज क्षेत्र का किसान फसा हुआ है।

लगभग 400 किसानों ने कराया पंजीयन

उल्लेखनीय है की क्षेत्र के लगभग 400 किसानो के द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहू बेचने के लिये सहकारी समिति धारनाकला मे पंजीयन कराया गया है किन्तु इस सत्र मे धारनाकला ब्रांच से चारो सहकारी समिति के अन्तर्गत किसी भी स्थान पर गेहू खरीदी केन्द्र नही बनाया गया है ऐसी स्थिति मे क्षेत्र के किसानो को जिनके द्वारा अपनी उपज बेचने पंजीयन कराया गया है अन्य गेहू खरीदी जिसकी दूरी अत्यधिक होगी

उस स्थान पर अपनी गेहू की उपज बेचने के लिये परेशानी का सफर तय करना होगा वैसे बरघाट विकास खंड धान का कटोरा के नाम से विख्यात जरूर है लेकिन यह बात भी सही है की बरघाट विकास खंड के कृषक अब गेहू का उत्पादन भी बेहतर तरीके से करने लगे है और यही कारण है की लगभग चार सौ किसानो ने गेहू विक्रय के लिये अपने रकबे का पंजीयन कराया है किन्तु धारनाकला से जुडी चार सहकारी समिति के अन्तर्गत किसी भी स्थान पर गेहू उपार्जन केन्द्र स्थापित नही हुआ जिससे छेत्र के किसानो मे जरूर मायूसी देखी जा रही है जनपद सदस्य तथा किसान गजानंद हरिनखेडे मनोज राहंगडाले धरमानंद हरिनखेडे लक्ष्मन शिव मोनू परिहार आदि दर्जनो किसानो ने किसानो की गेहू उपार्जन से जुडी समस्याओ के निदान की मांग की है

विधायक ने उपार्जन केंद्र का लिया जायजा अव्यवस्थाओं पर जतायी नाराजगी

सिवनी नवभारत। विधायक दिनेश राय मुनमुन ने गेहूं उपार्जन केंद्र का जायजा लिया। तथा अव्यवस्था पर नाराजगी व्यक्त किया। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार आज से आरंभ हुए उपार्जन कार्य के तहत विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम बघराज पहुंचकर भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन ने वेयर हाउस मे स्थापित खरीदी केंद्र का जायजा लिया। वहां बारदाना प्राप्त होने के बाद भी उपार्जन का कार्य आरंभ नही हो पाया था। विधायक दिनेश राय मुनमुन ने इसे सोसायटी और खरीदी केंद्र प्रबंधन की घोर लापरवाही बताते हुए कहा कि शासन ने 15 अप्रैल से किसान बंधुओं की उपज खरीदने के स्पष्ट निर्देश दिये थे लेकिन प्रबंधन की सुस्ती ठीक नही, किसान बंधुओं को परेशान करना बंद करें और तत्काल खरीदी प्रारंभ करें। विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि अन्य केन्द्रो से भी इसी प्रकार की अव्यवस्थाओं और पोर्टल मे तकनीकी खराबी की जानकारी प्राप्त हो रही है। उन्होंने तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर कड़ी नाराजगी व्यक्त किया और जिला प्रशासन से इस मामले मे गंभीरता से ध्यान देने की बात कही। ताकि अन्नदाता को अपनी फसल बेचने मे कोई असुविधा न हो।

पंडित जवाहरलाल नेहरू विद्यालय में 93 छात्र प्रथम श्रेणी में पास



कुरई नवभारत। चक्की खमरिया शिक्षा के क्षेत्र में एक बार फिर पंडित जवाहरलाल नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने अपनी उत्कृष्टता का परचम लहराते हुए क्षेत्र में नई मिसाल कायम की है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विद्यालय ने शानदार परीक्षा परिणाम देकर अपनी गुणवत्ता और अनुशासन का लोहा मनवाया है।

कक्षा 5वीं और 8वीं के उत्कृष्ट परिणामों के बाद अब कक्षा 10वीं और 12वीं के नतीजों ने विद्यालय की उपलब्धियों को नई ऊँचाइयों तक पहुँचा दिया है।

कक्षा 10वीं में शानदार प्रदर्शन

कक्षा 10वीं में वंश अहिरवार और मोहित नागवंशी ने 95.4% अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया। सोनाली गोस्वामी (94%) दूसरे और बरखा गोस्वामी (93%) तीसरे स्थान पर रहीं। अन्य मेधावी विद्यार्थियों में जयगिरी (90.6%), हिमेश (90.2%), प्रांजल (89%), जिया सनोडिया (89%), शिवानी नागवंशी (87.4%), चंचल (87.2%), आदर्श सनोडिया (87%), तरूणी पाल ने सफलता प्राप्त की है।

देहली पब्लिक हेरिटेज स्कूल छात्रा कृति पटले को सीबीएसई 10 वीं की परीक्षा में 98 .4 प्रतिशत अंक

बरघाट नवभारत। बरघाट स्थित देहली पब्लिक हेरिटेज स्कूल की छात्रा कृति पटले पिता मनोज पटले माता मिथिलेश पटले ने सीबीएसई 10 वीं की परीक्षा में 98 .4 प्रतिशत अंक, कुमारी आकांक्षा सूर्यवंशी पिता दीपक सूर्यवंशी माता प्रियाका सूर्यवंशी 96 .8 अंक, सौम्या राजपूत पिता महेंद्र सिंह राजपूत व माता श्वेता राजपूत 92 .4 प्रतिशत अंक, लियाक बघेल पिता भूपेन्द्र बघेल माता वर्षा बघेल 92 .2 प्रतिशत अंक अर्जित कर परिवारजन और स्कूल का नाम रोशन किया है, संस्था के प्राचार्य डा. रघुनाथ पात्रा ने बताया कि इस वर्ष उनके विद्यालय से सीबीएसई दसवीं बोर्ड परीक्षा में 33 बच्चों ने परीक्षा दी थी, जिसमें 33 बच्चे ही उत्तीर्ण हुए, इस प्रकार उनकी संस्था का 100त्न रिज़ल्ट रहा, वही कक्षा दसवीं में उनके 7 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अर्जित किये। सीबीएसई परीक्षा से विद्यालय की इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है।